**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**11.07.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्यों के लिए आड़े नहीं आएगी पैसों की कमी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए दिया जाए प्रौजेक्ट स्पेसिफिक विशेष पैकेज।
- पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने निगम के 14 होटलों को निजी क्षेत्र को लीज़ पर देने के सरकार के फैसले का किया विरोध।
- प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय–अगले एक सप्ताह तक अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि मण्डी जिला के सराज और नाचन विधानसभा क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा से अप्रत्याशित नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन द्वारा दिन–रात प्रभावित परिवारों को राहत और अन्य सामग्री प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुख्यमंत्री आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे के बाद आज सुंदरनगर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए माई डीड एन.जी.डी.आर.एस. पायलट प्रौजेक्ट, संशोधित जमाबंदी, ई–रोजनामचा और कारगुजारी पहल का शुभारम्भ किया। इस प्रौजेक्ट के माध्यम से जमीन की रजिस्ट्री को और अधिक सरल और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में राजस्व मामलों में पैपरलैस, प्रजेंसलेस और कैशलेस प्रणाली अपनाने पर जोर दिया।

**जयराम ठाकुर**

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और केन्द्र सरकार से मांग की है कि आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रोजैक्ट स्पेसिफिक विशेष पैकेज दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस आपदा ने न केवल सराज के लोगों की जीवन भर की मेहनत की कमाई छीनी है बल्कि आजीविका के साधन भी छीन लिए हैं।

*नुकसान इस कद्र है कि हमारा यह इलाका जो बहुत तेजी से आगे बढ़ा था 25 साल 30 साल पीछे चला गया है। यह इस बात का हमें बहुत बड़ा दुख है मैं केंद्र सरकार के साथ भी, हमारे नड्डा जी भी आये थे मुख्यमंत्री जी आये थे, हमने दोनों के साथ बात की है की विशेष पैकेज विशेष राहत का एक स्कोप यहां के लिए निकाला जाए। गवर्नमेंट ने भी कोशिश की है लेकिन गवर्नमेंट के कंपैरिजन में हमारा जो संस्थाओं का और संस्थाओं के साथ–साथ में हमारी पार्टी का कॉन्ट्रिब्यूशन इस वक्त जो राहत कार्य में बहुत बड़ा जाता है।*

**अनुराग**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आपदा प्रभावित मण्डी जिला के सिराज और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए बर्तन, घर में उपयोग होने वाला सामान, दवाईयां और सैनेटरी पैड भेजे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के चलते इन क्षेत्रों में लोगों के घर उजड़ गए हैं, ऐसे में उन्हें मदद की अत्यधिक जरूरत है। अनुराग ठाकुर ने ये सामान घर–घर तक पहुंचाने के लिए अस्पताल सेवा टीमें भी मौके पर भेजी हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रयास का उद्देश्य आपदा पीड़ित लोगों को तुरंत राहत पहुंचाना है ताकि कोई भी जरूरतमंद मदद से वंचित न रहे।

**जगत सिंह**

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार नशामुक्त समृद्ध और खुशहाल हिमाचल की अवधारणा को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। जगत सिंह नेगी आज शिमला में भांग की खेती को वैध करने व औषधीय उपयोग पर आयोजित सेमीनार और प्रदर्शनी के शुभारम्भ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने इस दौरान भांग की खेती से बने विभिन्न उत्पादों के बारे में भी जानकारी हासिल की।

**दुर्घटना**

बिलासपुर जिला के नम्होल के पास बीती रात एक निजी बस के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 32 लोग घायल हो गए। घायलों में 7 की हालत गम्भीर है। अधिकांश घायलों को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर में भर्ती करवाया गया है। ये निजी बस पंजाब से शिमला की ओर आ रही थी। इसी दौरान नम्होल के पास चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया और ये बस गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत व बचाव कार्य आरम्भ कर दिए तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज एम्स बिलासपुर का दौरा कर घायलों का कुशलक्षेम पूछा और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों को प्रदेश सरकार की ओर से हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

**बाली**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने प्रदेश सरकार द्वारा निगम के 14 होटलों को निजी क्षेत्र को लीज़ पर देने के फैसले का विरोध किया है। बाली ने आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता में सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि निगम ने कभी भी घाटे में चल रहे अपने होटलों को आउटसोर्स करने का सरकार से आग्रह नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सरकार ने अपने स्तर पर फैसला लिया है जो सही नहीं है।

*मेरी मेरा अनुरोध सरकार से स्पष्ट है कि इसकी फाइनेंशियल फीजिबिलिटी की स्टडी हमें करवाने दी जाए, अभी इसको हम फाइनेंशियली स्टडी कराना चाहते हैं और उसके बाद ही हम बीओडी सरकार को बताएगी कि ये स्टडी है, फिर सरकार को जो अपने विवेक के अनुसार जो निर्णय लेना होगा सरकार ले, आज हमने सरकार से अभी तक पिछले ढाई साल में एक रुपया भी नहीं लिया, अभी भी हम खुद खर्चा अपना उठा रहे हैं, हम कहीं पे भी सरकार के ऊपर बोझ नहीं है, इसलिए मैं इस पृष्ठभूमि में हम सरकार के निर्णय को रिव्यू करने अनुरोध करते हैं.*

आर.एस.बाली ने निगम को वित्तीय तौर पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए अन्य विभागों, निगमों और बोर्डों की तर्ज पर पर्यटन विकास निगम को भी अनुदान देने की सरकार से मांग की।

*हर महकमे को ग्रांट मिलती है, हमें भी ग्रांट की जरूरत है और हमें ग्रांट को अपने को चलाने के लिए जरूरत नहीं, अभी तो हम अपने खर्चे तो चला ही रहे हैं, ऐसे तो हम अगले ढाई साल चलते रहेंगे, अगर ग्रांट मिलेगी तो हम इतिहास बना देंगे, हम इसको इतने मुनाफे में ले जाएंगे कि आप जितने होटल हैं उसमें कई गुना होटल हम इजाफा कर देंगे, खुद बनाने शुरू कर देंगे.*

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा हुई। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा भी हुई। मौसम विभाग ने आज अगले एक सप्ताह तक राज्य के अलग–अलग जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। मॉनसून की भारी वर्षा से प्रदेश में अभी भी एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 2 सौ 24 सड़कें अवरूद्ध हैं। सर्वाधिक एक सौ 66 सड़कें मण्डी जिला में अवरूद्ध हैं। इसके अलावा बिजली के एक सौ 51 ट्रांसफार्मर और 8 सौ 12 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में प्रदेश में अभी तक 91 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 34 लोग लापता हैं।

## विश्व जनसंख्या दिवस

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा है कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए माता–पिता को पालन पोषण की सही योजना तैयार करनी चाहिए। विश्व जनसंख्या दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है माँ और बच्चे के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गर्भावस्था के दौरान सही देखभाल। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से, केंद्र सरकार पूरे देश में आवश्यक परिवार नियोजन सेवाएँ प्रदान कर रही है। विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर प्रदेश भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## भूकंप

चंबा में आज सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर भूंकप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता तीन दशमलव पांच आंकी गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप का केंद्र चंबा में जमीन के पांच किलोमीटर भीतर था। भूंकप के झटकों से किसी भी तरह के जान–माल का नुकसान नहीं हुआ है।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्यों के लिए आड़े नहीं आएगी पैसों की कमी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए दिया जाए प्रौजेक्ट स्पेसिफिक विशेष पैकेज।
- पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने निगम के 14 होटलों को निजी क्षेत्र को लीज़ पर देने के सरकार के फैसले का किया विरोध।
- प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय–अगले एक सप्ताह तक अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट।